# व्यवसायिक बकरी पालन :
# आवासीय आवश्यकतायें एवं संरचना

(100 बकरी एवं 5 बकरे)



माकृअनुप
ICAR

CIRG
1979
MATHURA


भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान

मखदूम, फरह–281 122, मथुरा (उ.प्र.)



2017

# व्यवसायिक बकरी पालन : आवासीय आवश्कयतायें एवं संरचना

## आवास की आवश्यकता :-

- प्रतिकूल परिस्थितियों में जैसे-सर्दी, गर्मी एवं बरसात से बचाव हेतु
- जंगली अथवा हिंसक पशुओं से बचाव हेतु
- विभिन्न उम्र, लिंग एवं उत्पादन अवस्था के अनुसार : अलग-अलग आवास व्यवस्था ।


## ध्यान देने योग्य बातें

1. ऊंचे, जल जमाव क्षेत्र से दूर एवं समतल जगह का चुनाव करें जहां सड़क, बिजली एवं पानी आसानी से उपलब्ध हो।
2. आवास की लम्बाई (long axis) पूर्व-पश्चिम दिशा में हो।
3. अधिकतम चौड़ाई 20 फीट (9 मीटर) हो।
4. लम्बाई की कोई अधिकतम सीमा नहीं है परन्तु प्रत्येक 30 फीट पर वर्गीकृत कर अलग-अलग उम्र, लिंग एवं उत्पादन अवस्था हेतु अलग-अलग आवास बना सकते हैं।
5. घर में केन्द्र की ऊंचाई 12 फीट, किनारे पर 8 फीट एवं धूप एवं बरसात से बचाव हेतु छत को दोनों तरफ अतिरिक्त 3 फीट अवश्य रखें।
6. पूर्व एवं पश्चिम (लम्बाई) के तरफ धरातल से दीवार की ऊंचाई 3 से 4 फीट रखे उसके ऊपर लोहे अथवा बांस की जाली लगाये। उत्तर एवं दक्षिण के तरफ जाली न लगाये और दीवार को छत में मिलाये।
7. भारतीय परिस्थिति के अनुसार बकरी आवास की सतह मिट्टी की होनी चाहिए परन्तु जहां अत्यधिक बारिस हो अथवा अत्यधिक नमी हो वहां बांस/लकड़ी/प्लास्टिक की सतह, जमीन से ऊंची उठाकर बनानी चाहिए।
8. बकरी आवास के छत हेतु घास-फूंस, टाइल्स, खप्पल, टीन की चादर इत्यादि उपलब्धता एवं सुविधा के हिसाब से उपयोग में लाना चाहिए।
9. बाड़े में चारा-दाना उपकरण एवं पेयजल उपकरण उचित स्थान पर रखें।
10. बकरी आवासीय परिसर के चारों तरफ अधिक संख्या में पेड़-पौधे लगायें जिससे वहां का वातावरण स्वच्छ बना रहेगा, छाया मिलेगी एवं जरूरत पड़ने पर चारे के रूप में उपयोग में ला सकते हैं।

## विभिन्न बकरी वर्ग के लिए आवास हेतु जगह की आवश्यकता :-

| उम्र/बकरी प्रकार | आन्तरिक स्थान (ढका क्षेत्र वर्ग मीटर) | बाह्य स्थान (खुला क्षेत्र वर्ग मीटर) |
|---|---|---|
| 0-3 माह | 0.2-0.25 | 0.4-0.5 |
| 3-6 माह | 0.5-0.75 | 1.0-1.5 |
| 6-12 माह | 0.75-10 | 1.5-2.0 |
| 12 महीने से अधिक | 1.00 | 2.00 |
| वयस्क बकरी | 1.5 | 3.0 |
| ग्याभिन एवं दुधारू | 1.5-2.0 | 3.0-4.0 |
| बकरा | 1.5-2.0 | 3.0-4.0 |

ध्यान रखें – हमेशा 10 प्रतिशत अधिक अतिरिक्त जगह बकरियों के आवास हेतु बनाये जिससे भविष्य में कभी कोई दिक्कत न आने पाये।




**बकरी आवास का आदर्श प्रारूप**

## 100 बकरी एवं 5 बकरे हेतु आवासीय आवश्यकता :

### परिकल्पना :-


1. 100 बकरी हेतु सामान्यतः 5 बकरों की आवश्यकता होती है परन्तु उत्तम प्रजनन व्यवस्था बनाये रखने हेतु 7 बकरे रखें।
2. सामान्यतः 80 प्रतिशत बकरियां ही प्रतिवर्ष प्रजनन करती हैं और बच्चे दे पाती हैं।
3. यह मानें कि 80 बकरियों से 120 बच्चे मिलेंगे जिसमें आधे नर (60) एवं आधे मादा (60) बच्चे उत्पन्न होंगे।
4. प्रतिवर्ष प्रजनक बकरियों में से 10-20 प्रतिशत बकरियों को बेच कर नया बकरी अपने बाड़े में लायें।
5. अत्याधिक लाभ हेतु, बच्चों को 9 से 12 महीने तक पालकर बेचना चाहिए।

### उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुये 1 वर्ष बाद निम्नानुसार अनुमानित आवासीय आवश्यकता

| पशु की श्रेणी | प्रति पशु स्थान (वर्ग मीटर) | आवश्यक कुल स्थान (वर्ग मीटर) |
|---|---|---|
| वयस्क मादा (100 नग) | 1.5 | 150 |
| वयस्क नर (7 नग) | 2.0 | 14 (लगभग 18) |
| माह 9-12 मादा (60 नग) | 0.75 | 45 |
| माह 9-12 नर (60 नग) | 0.75 | 45 |
| आफिस+स्टोर रूम | 42 | 42 |
| कुल क्षेत्रफल | | 296 (लगभग 300) |

अगर बकरियां दिन में चरने जाती हों तो आवास हेतु खुला-स्थान रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

अगर आप व्यवसायिक बकरी पालन करना चाहते हैं तो प्रारम्भ में आवास बनाने हेतु अत्यधिक खर्च ना करें। स्थानीय संसाधनों का अत्यधिक प्रयोग में लाकर उपयुक्त तरीके से बकरी आवास का निमार्ण करें। दो-तीन साल बाद बकरी पालन से हुये लाभ को पक्के आवास एवं विस्तार हेतु प्रयोग में लायें।




**ADF - Adult Dry Females (20 Nos.); APL - Adult Pregnant Females (40 Nos.)**
**ALF - Adult Lactating Females (40 Nos.); K < 3m – 0 to 3 months kids (30 Nos.)**
**AM – Adult Males (7 Nos.); YM – Young Males (45 Nos.); YF – Young Females (45 Nos.);**
**S – Store Room ; O – Office and Record room; W – Water Tank**

100 बकरी एवं 5 बकरे हेतु आवासीय रूपरेखा


## बकरियों के आवास के लिए विभिन्न प्रकार के फर्श–



*बाँस का फर्श*



*लकड़ी का फर्श*



*प्लास्टिक का फर्श*


लेखक :

**आर. पुरूषोत्तम, एन. रामाचन्द्रन, विजय कुमार, बी. राय, के. गुरूराज एवं बृजमोहन**



प्रकाशक :

**निदेशक, भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम**



अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें–

**भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान,**

मखदूम, फरह–281122, मथुरा (उ.प्र.)

सी.आई.आर.जी. हैल्पलाइन : 0565–2763320

वेबसाइट : www.cirg.res.in



ys9456684421@gmail.com